**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 31.08.2026**

**जनपद जालौन पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन दहन' अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थों से सम्बन्धित 09 अभियोगों में बरामद 31.23 किलोग्राम मादक पदार्थ(अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 60 हजार 550 रुपये) को मान0 न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।**

पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में चलाये जा रहे "आपरेशन दहन" अभियान के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के पर्यवेक्षण में जनपद पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में जनपद जालौन के थानों में लम्बित मालों के निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आज दिनांक 31.08.2026 को जनपद स्तर पर गठित ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की उपस्थिति में जनपद जालौन के विभिन्न थानों के अभियोगों में बरामद 31.231 किलोग्राम मादक पदार्थ को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई जनपद जालौन की इन्सिनेरेटर(भट्टी) में विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

**विनष्टीकरण किये गये मादक पदार्थों का विवरण-**

1. 27.39 किलोग्राम गांजा
2. 245 ग्राम चरस

**दिनांक 01.03.2026 से 31.08.2026 तक चलाये जा रहे "आपरेशन दहन" अभियान के अन्तर्गत जनपद में की गयी कार्यवाही का विवरण-**

- दिनांक 16.04.2026 को 681.15108 किलोग्राम
- दिनांक 21.05.2026 को 843.59562 किलोग्राम
- दिनांक 30.06.2026 को 102.049 किलोग्राम
- दिनांक 31.08.2026 को 31.23 किलोग्राम

अब तक कुल 1658.0257 किलोग्राम (कीमत करीब 9 करोड़ 89 लाख 69 हजार 430 रूपये) मादक पदार्थ के विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी है।